**Time : 2½ Hours** **HINDI LANGUAGE II**

**Subject Code**

| H | 4 | 2 | 4 |
|---|---|---|---|

**Total No. Of Questions : 8** **(Printed Pages : 8)** **Maximum Marks : 80**

***सूचनाएँ :*** (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दायीं ओर दर्शायी हुई संख्या प्रश्न के अंक दर्शाती है।

(*iii*) प्रत्येक मुख्य प्रश्न का उत्तर नये पन्ने पर ही शुरू करें।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक और उप-प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।

1. (क) निम्नलिखित कोष्ठकों में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द रिक्त स्थानों में भरकर पूर्ण वाक्य फिर से लिखिए : 2

(अ) मासिक वेतन तो पूर्णमासी का .......................... है, जो एक दिन दिखाई देता है और घटते-घटते लुप्त हो जाता है।

(चाँद, सितारा, सूरज)

(आ) झोंपड़ी में रहकर .................................... से नाता क्यों जोड़ा ?

(फटीचर, लालची, महल)

(ख) कोष्ठकों में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द रिक्त स्थानों में भरकर निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को फिर से लिखिए : 2

(अ) बड़े-बड़े मोती से आँसू, .............................. पहनाते थे।

(वरमाला, जयमाला, फूलमाला)

(आ) नाव जर्जर ही सही, ......................... से टकराती तो है।

(लहरों, गगन, पत्थरों)

(ग) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : 2

(अ) जिसके हृदय में सच्चाई है उसके हृदय में कौन निवास करता है ?

(आ) कवि ने श्रमिक युवा नारी को किस पथ पर पत्थर तोड़ते देखा ?

(इ) 'वीर कर्ण' कविता के कवि का नाम लिखिए।

(घ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

हाईस्कूल के पहले ही वर्ष की, परीक्षा के समय की, एक घटना उल्लेखनीय है। शिक्षा-विभाग के इंस्पेक्टर जाइल्स विद्यालय का निरीक्षण करने आए थे, उन्होंने पहली कक्षा के विद्यार्थियों को अंग्रेजी के पाँच शब्द लिखाए। उनमें एक शब्द 'केटल' (Kettle) था। मैंने उसके हिज्जे गलत लिखे थे। शिक्षक ने अपने बूट की नोंक मारकर मुझे सावधान किया। लेकिन मैं क्यों सावधान होने लगा ? मुझे यह खयाल ही नहीं हो सका कि शिक्षक मुझे पास वाले लड़के की पट्टी देखकर हिज्जे सुधार लेने को कहते हैं। मैंने यह माना था कि शिक्षक तो यह देख रहे हैं कि हम एक-दूसरे की पट्टी में देखकर चोरी न करें। सब लड़कों के पाँचों शब्द सही निकले और अकेला मैं बेवकूफ़ ठहरा ! शिक्षक ने मुझे मेरी बेवकूफ़ी बाद में समझाई;

लेकिन मेरे मन पर उनके समझाने का कोई असर न हुआ। मैं दूसरे लड़कों की पट्टी में देखकर चोरी करना भी सीख न सका।

**प्रश्न :**

(1) शिक्षा विभाग में इंस्पेक्टर क्यों आए थे ? 1

(2) गांधीजी ने किस शब्द के हिज्जे गलत लिखे थे ? 1

(3) लेखक कौनसी बात अंत तक न सीख सका ? 1

(4) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? 1

2. (क) निम्नलिखित गद्य-अवतरणों में से किसी **एक** अवतरण का संदर्भ सहित स्पष्टीकरण कीजिए : 4

(अ) ''विशेषज्ञों, तुम कहते हो कि वह सूक्ष्म है, अगोचर है और सर्वव्यापी है। .............''

(आ) ''अच्छा हुआ कि मैं उसी समय आ गई, वरना नानी माँ आप लोगों की खूब खबर लेतीं ।''

(ख) निम्नलिखित पद्य-अवतरणों में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(अ) सौरज धीरज तेहि रथ चाका। सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका॥

बल बिबेक दम परहित धोरे। छमा कृपा समता रजु जोरे॥

(आ) बड़े न हूजै गुननु बिनु बिरद-बड़ाई पाइ।

कहत धतूरे सौं कनकु, गहनौ गढ़्यौ न जाइ।

(ग) निम्नलिखित पद्य अवतरणों में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(अ) उनकी सबकी एक ही मुद्राएँ हैं,

रंगों से भरे-पूरे चटकीले, भड़कीले

सबके आभूषणों के केंद्र

वे सब एक ही जगह पर खड़े हैं।

(आ) एक खँडहर के हृदय-सी एक जंगली फूल-सी,

आदमी की पीर गूँगी ही सही, गाती तो है।

3. (क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **40** से **45** शब्दों में हो) 6

(अ) रामू के घर में 'प्रायश्चित' का विधान क्यों किया गया ?

(आ) गजाधर बाबू का स्वागत उनके अपने ही घर में कैसे हुआ ?

(इ) व्यापारी संगठन का प्रमुख किस प्रकार 'मेनू' की बात करता है ?

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **20** से **25** शब्दों में हो) 4

(अ) माँ अपनी बिटिया को देखकर किस प्रकार प्रसन्न होती है ?

(आ) कर्ण की हृदय पीड़ा को स्पष्ट कीजिए।

(इ) उदासी को कैसे चमकाया जा सकता है ?

4. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **तीन** के विशेषण रूप लिखिए : 3

लोभ, सदाचार, चमक, उपयोग

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **तीन** की भाववाचक संज्ञाएँ लिखिए : 3

मनुष्य, घबराना, अपना, कमाना

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के रूप उपसर्ग लगाकर बदलिए : 2

जीव, न्याय, वाद

(घ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के विरुद्धार्थी रूप लिखिए : 2

पाप, स्थिर, जय

5. (क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 2

(अ) मेरी बेटी पहला सावन यहाँ बिताएगा।

(आ) राममनोहर लोहिया सभागार में आए और मंच पर बैठी।

(ख) निम्नलिखित कोष्ठकों में दी गई संज्ञाओं का उचित कारक रूप रिक्त स्थानों में भरकर वाक्यों को फिर से लिखिए : 2

(अ) नमक के सिपाई ........................ मस्त थे। (नशा)

(आ) इस बीच इवाग्रीवो का ............................ कोई संपर्क नहीं हुआ। (लोहिया)

(ग) निम्नलिखित कोष्ठकों में दी गई सूचनाओं के अनुसार किन्हीं **दो** वाक्यों के काल-परिवर्तन कीजिए : 2

(अ) वंशीधर ने अपने जमादार को ललकारा। (भविष्यकाल)

(आ) गजाधर बाबू के दो बच्चे ऊँची कक्षाओं में पढ़ते हैं। (अपूर्ण भूतकाल)

(इ) लोहिया ने गोवा के कई स्थानों का भ्रमण किया था। (पूर्ण वर्तमानकाल)

(घ) निम्नलिखित किन्हीं **दो** मुहावरों का अर्थ लिखकर सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 4

(अ) कगारे पर का वृक्ष होना।

(आ) दाँतों-तले उँगली दबाना।

(इ) प्रशंसा करना।

6. (क) 'स्वदेशी चीजें खरीदकर भारत को समृद्ध बनायें' इस विषय पर अनिल और सुनील के बीच हुआ संवाद लगभग **15** से **20** वाक्यों में लिखिए। 5

(ख) प्रगती उच्च माध्यमिक विद्यालय वास्को गोवा में 'शिक्षक दिन' समारोह मनाया गया इस विषय पर लगभग **70** से **75** शब्दों में प्रतिवेदन (Report) लिखिए। 5

7. (क) समीर/समीधा रायकर, राम नगर, शिवोली बार्देस गोवा से अनियमित कंदब-बस सेवा की शिकायत करते हुए, प्रबंधक, पर्वरी-डिपो कंदब परिवहन निगम, पर्वरी-गोवा को पत्र लिखता/लिखती है। 5

(ख) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

कुछ लोग सोचते हैं कि खेलने-कूदने से समय नष्ट होता है और केवल स्वास्थ्य रक्षा के लिए व्यायाम कर लेना ही पर्याप्त है। लेकिन वे भूल जाते हैं कि खेल-कूद से स्वास्थ्य तो बनता ही है, मनुष्य जीवनोपयोगी गुण भी सीखता है। सहयोग से काम करना, विजय मिलने पर अभिमान न करना, हार जाने पर साहस न छोड़ना, विशेष ध्येय के लिए नियमपूर्वक कार्य करना आदि गुण खेलों द्वारा ही सीखें जा सकते हैं। खेल के मैदान में केवल स्वास्थ्य ही नहीं बनता अपितु, मनुष्य भी बनता है। खिलाड़ी वे बातें अनायास सीख जाते हैं, जो आगे चलकर नागरिक जीवन को सुलझाने में सहायक होती हैं। शरीर और मन-दोनों को स्वस्थ तथा निरोगी रखने का एकमात्र उत्तम साधन खेल-कूद ही हो। इस बारे में किसी ने बिल्कुल ठीक कहा है, स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। वर्तमान समय में खेल-कूद को पाठयक्रम में स्थान दिया गया है जिससे छात्रों का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास हो सके।

**प्रश्न :**

(अ) कुछ लोगों के अनुसार स्वास्थ्य रक्षा के लिए क्या पर्याप्त है ? 1

(आ) खेल-कूद के द्वारा कौनसे गुण सीखें जा सकते हैं ? 1

(इ) खेल-कूद किसका एकमात्र उत्तम साधन है। 1

(ई) वर्तमान समय में खेल-कूद को पाठयक्रम में क्यों स्थान दिया गया है ? 1

(उ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए। 1

8. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **200** शब्दों में निबंध लिखिए : 8

(क) स्वच्छ भारत महान भारत।

(ख) जहाँ चाह वहाँ राह।

(ग) मनोरंजन का आधुनिक साधन।

(घ) नदी की आत्मकथा।